प्लांट के उपयोग के लिए खदान का पानी देने जा रहे हैं, जिससे नागपुर शहर को संरक्षित जल परोक्ष रूप से मिलेगा। इकोमाईन पर्यटन CSR के तहत हमारी एक पहल है, जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और अब तक दो लाख से अधिक लोग इसका भ्रमण कर चुके हैं।

वेकोलि ने अभी तक MOIL के साथ बाजार भाव की अपेक्षा रियायती दरों पर रेत उपलब्ध कराने के लिए MoU किया है और पायलट प्रोजक्ट के रूप में हमने उसकी आपूर्ति करनी शुरू भी कर दी है। WCL विभिन्न इकाइयों जैसे NIT, VIDC और MAHAGENCO आदि के साथ बातचीत कर जल्द ही MoU करेगी। अतः रेत के लिए इस प्रकार का करार करने वाली कोल इंडिया की पहली कंपनी WCL होगी। इससे हमारी वित्तीय सेहत में कुछ सुधार अवश्य होगा, ऐसा हमारा विश्वास है और उस विश्वास का आधार आप सब हैं।

हमें आपको बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि वित्तीय वर्ष 2018 -19 में लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए वेकोलि ने अपने सर्वाधिक महत्वपूर्ण हितधारकों, खदानों के आस-पास रहने वाले लोगों के जीवन में सार्थक और समसमायिक बदलाव लाने के उद्देश्य से निगमित सामाजिक दायित्व (CSR) और कल्याण के विभिन्न उपक्रमों को क्रियान्वित किया। वेकोलि ने विभिन्न शिक्षण संस्थान को सोलर प्लांट लगाने, सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगाने और कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की और दिव्यांग जनों के लिए आर्टिफिशियल लिम्ब्स के लिए वित्तीय सहायता दी है। हमने अपने कर्मियों के बच्चों को उच्च एवं स्कूली शिक्षा के लिए छात्रवृत्तियाँ प्रदान कीं और कामगारों के क्वार्टरों की मरम्मत करने का काम भी किया है। हमारे लोगों ने विभिन्न स्तरों पर खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

वेकोलि परिवार से मेरी अपेक्षा है कि हम सभी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्य क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ें, नयी ऊँचाइयों को छुएँ। राह कठिन अवश्य लग सकती है, लेकिन यकीन जानिये, 'जिन्होंने भी कठिन राह को चुना है, इतिहास उन्होंने ही रचा है'।

वेकोलि को यह ऐतिहासिक उपलब्धि और कार्य-निष्पादन के ये सुखद परिणाम निदेशक मंडल के कुशल कारपोरेट गवर्नेंस, संचालन समिति तथा श्रमिक संघों के सकारात्मक सहयोग, प्रबंधन के विविध स्तरों पर योजनाबद्ध क्रियान्वयन और हमारे सुपरवाइजर्स, मित्र, शक्ति, आरोहण टीम, श्रमिकों की कड़ी मेहनत तथा उनके परिवारों के सहयोग के चलते प्राप्त हुए हैं। कंपनी के प्रति प्रतिबध्दता और कार्य के प्रति समर्पण की यह अभूतपूर्व मिसाल है।

साथियों, आज इस अहम दिवस के अवसर पर हम, चालू वित्तीय वर्ष 2019 - 20 में अपनी वार्षिक कार्य योजना के लक्ष्य 56 मिलियन टन कोयला उत्पादन के साथ 56 मिलियन टन कोयला ऑफटेक करने और 219 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन को हटाने का संकल्प लेकर स्वयं को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करें।

दोस्तों, मेरा मानना है कि मानव संसाधन, उद्योग की प्रगति में सबसे महत्त्वपूर्ण कारक है। आज इस बात की आवश्यकता है कि, हम अपने वेकोलि परिवार के सभी सदस्यों को एक सूत्र में जोड़ें, उनके सुख-दुःख में सहभागी बनें, परस्पर सम्पर्क में रहें और कॉलोनी के रख-रखाव में सुधार करें। सुखी संतुष्ट कामगार हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। 'हमारे लोग ही हमारी असली ताकत हैं..!'

अंत में, आप सबको एक बार पुनः 'स्वतन्त्रता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...!

**जय हिन्द!**

**राजीव रंजन मिश्र**
**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**



# स्वतंत्रता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री राजीव रंजन मिश्र

## का

# संदेश

## 15 अगस्त, 2019

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशक गण, संचालन समिति के सदस्य, TEAM WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं और प्यारे बच्चों।

स्वतन्त्रता दिवस की 72 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर मैं आप सभी को अनेक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं देता हूँ। साथ ही, स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले तमाम शहीदों को नमन करता हूँ, जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय पर्व पर मैं आप सभी का आह्वान करता हूँ कि हम सभी राष्ट्रीय ध्वज के तले आज अपने महान राष्ट्र भारतवर्ष के प्रति अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा करने का संकल्प लें।

साथियों, आज हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। किसी भी देश की उन्नति और अर्थ-व्यवस्था की प्रगति में ऊर्जा की उपलब्धता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार कुशलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। इस विकास के कारवां को आगे ले जाने में हम खनिकों की खासी भूमिका है। हम देश की ऊर्जा-जरूरतों के अनुरूप पूरी निष्ठा, लगन और प्रतिबद्धता के साथ कृतसंकल्प हों और समय के साथ कदमताल करें। चूँकि कोयला, ऊर्जा का महत्वपूर्ण और सहज-सुलभ स्रोत है, ऐसे में हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम अपना भरपूर योगदान देकर इस विकास-यज्ञ में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। इस अवसर पर, मैं TEAM WCL का आह्वान करता हूँ कि हम सुरक्षा व वित्तीय लाभ के साथ अधिक-से-अधिक कोयला-उत्पादन कर राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप हमेशा की तरह अपने कार्य-क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

साथियों, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2018 -19 में अपने अब तक के सफ़र में सर्वाधिक 53.18 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जो गत वित्तीय वर्ष से 15.1 प्रतिशत अधिक है। हमने वित्तीय वर्ष 2018 -19 में 55.55 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया, जो हमारे AAP/MoU टारगेट से 112 प्रतिशत अधिक है और गत वर्ष से 14 प्रतिशत अधिक है। इस अवसर पर मैं, आपको बताना चाहूँगा कि हमारी टीम ने इस वर्ष नए-नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं, 22 फरवरी, 2019 को हमने सर्वाधिक 2.07 लाख टन कोयले का प्रेषण किया। इसी प्रकार, हमने 01 जनवरी 2019 और 15 फरवरी, 2019 को एक दिन में सर्वाधिक 36 रैक लोड करने का नया कीर्तिमान बनाया, इससे पूर्व गत वर्ष हमने सर्वाधिक 33 रैक लोड किये थे। हमारी टीम ने 30 मार्च, 2019 को एक दिन में सर्वाधिक 4.02 लाख टन कोयला उत्पादन किया। ये हमारे परिवार की अदम्य कर्मठता का द्योतक है।

साथियों, ये सब आपके दृढ निश्चय और टीम भावना से कार्य करने के चलते संभव हो सका है। आप सबों के इस ज़ज्बे का मैं सम्मान करता हूँ और आशा करता हूँ कि यह भावना इसी प्रकार बरकरार रहेगी। मुझे आपको बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि, वेकोलि की सक्षम टीम ने वित्तीय वर्ष 2018 -19 में कुल 192 मिलियन क्यूबिक मीटर (MM$^3$) ओवर बर्डन हटाने में सफलता प्राप्त की जो गत वर्ष से 3.6 प्रतिशत अधिक है। TEAM WCL ने चुनौतियों का सामना करते हुए, विपरीत परिस्थितियों में सफलता प्राप्त की और एक विजेता के रूप में उभरकर सामने आई। गत पांच वर्षों में TEAM WCL ने नए-नए आयाम स्थापित किये हैं।

दोस्तों, हमें कोयला-बिक्री के अपने तरीकों पर पुनर्विचार (Redefining Sales Dynamics), गुणवत्ता में होने वाली कटौती पर नियंत्रण (Containment of Quality Deduction), खुली खदान और भूमिगत खदानों में होने वाले घाटे में कमी (Reduction in loss from OC & UG Mine), नियंत्रण योग्य लागत को कम करना (Containment of Controllable Cost), जनशक्ति का उचित नियोजन (Additional Revenue from rationalization of manpower) और स्क्रैप की बिक्री कर (Additional Revenue from Sale of Scrap) राजस्व में और वृद्धि करनी हैं। इस प्रकार Operational Loss उठाने वाली कंपनी अब अपने फिजिकल प्रदर्शन के बूते परिचालनात्मक लाभ के साथ प्रगति-पथ पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है, हमें इसे और गति प्रदान करनी है। इस गति को बढ़ाने में आप सबका सामूहिक सहयोग अनिवार्य और अपेक्षित है।

आपको विदित हैं कि हमने पांच वर्ष पूर्व, वित्तीय वर्ष 2019-20 में 60 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हमने 2014 से अब तक कुल 20 नई परियोजनायें खोलीं, जिनसे कुल 35.73 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया। इन बीस परियोजनाओं में 09 ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट हैं जिनसे 16.68 मिलियन टन और 11 ब्राउन फील्ड प्रोजेक्ट से 19.05 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया। हमें इस सकारात्मक कार्यप्रणाली को आगे बढ़ाते हुए निरंतर आगे बढ़ते जाना है। आपकी रणनीतिक सोच से पता चलता है कि आपके लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं है, आपका इरादा आपके लक्ष्य से ज्यादा ऊँचा है।

मैं इस मंच से आप सभी का आह्वान करता हूँ कि, हम सभी, चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन के साथ-साथ 'गुणवत्ता जीवन और कोयले की' के साथ-साथ ग्राहक संतुष्टि, अनुसंधान एवं विकास, निगमित सामाजिक दायित्व, मानव संसाधन विकास, सतत विकास एवं परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष महत्व दें। हमारा भविष्य कंपनी के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है।

साथियों, मैं कोयला उत्पादन में तत्पर आप सभी की कर्मठता की सराहना करते हुए, आपका ध्यान उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर आकृष्ट करना चाहता हूँ। मेरी कर्मठ टीम से, मेरा आग्रह है कि - हम सभी खदानों में कार्यरत हमारे श्रमिक बंधुओं तक इस सन्देश को अवश्य पहुँचायें कि, उत्पादित और प्रेषित कोयला उचित गुणवत्ता का ही हो, ताकि हम अनावश्यक वित्तीय कटौती से बच सकें। सभी क्षेत्रों को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण इसे सुनिश्चित करें। आप सभी जानते हैं, हमारे सभी बड़े ग्राहक, ताप विद्युत संयंत्रों के साथ थर्ड पार्टी सैंपलिंग का करार है। कोयले की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारे लिए एक चुनौती है। इस क्षेत्र में हमारी कोई भी कमी, हमारे वित्तीय नतीजे को लगातार प्रभावित कर रही है, साथ ही ग्राहक संतुष्टि को भी। मैं समय-समय पर प्रत्येक मंच से आह्वान करता रहा हूँ कि हमें गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना है और इस वर्ष तो आपका स्लोगन ही है - 'गुणवत्ता कोयले की और जीवन की'।

साथियों, हमें भू-अधिग्रहण के अभिक्रमों में भी आशातीत सफलता मिली है। भू- अधिग्रहण के क्षेत्र में कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018 -19 में तथा जून 2019 तक प्रत्यक्ष खरीद के तहत नयी परियोजनाओं के लिए 1961.20 हेक्टेयर जमीन का फिजिकल पजेशन लिया गया तथा 450.36 करोड़ रूपये का मुआवजा दिया गया। इसी अवधि में हमने कुल 751 लोगों को रोजगार भी दिया। हमें ख़ुशी है कि अपने लोगों के साथ-साथ, आस-पास के लोगों के जीवन में भी गुणात्मक परिवर्तन लाने में कुछ हद तक हम सफल हो सके हैं। हमने 247 परिवारों का पुनर्वास भी किया है। हमारी सच्ची सफलता उनकी प्रसन्नता में निहित है।

साथियों, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र (Eco-System) के क्षेत्र में वेकोलि, कोयला खनन जनित पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न पहलुओं के प्रति बखूबी सचेत और जिम्मेदार है। कोयला खदानों में प्रदूषण को रोकने हेतु पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न अभिक्रम किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2018 -19 में वेकोलि ने 80 हेक्टेयर भूमि पर दो लाख पौधों का रोपण खदानों एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में किया है। वहीं इस वित्तीय वर्ष में 1.35 लाख पौधा रोपण का लक्ष्य है और हमने जुलाई माह तक 41 हेक्टेयर भूमि पर 1.02 लाख पौधों का रोपण कर दिया है।

TEAM WCL ने कई व्यावसायिक एवं सामाजिक गतिविधियों की ओर भी अपने कदम बढाये हैं, जिनमें ओवर बर्डन से रेत अलग करना और खदानों के पानी को ट्रीट करके आस-पास के लोगों को पीने के लिए, खेती और अन्य दैनंदिन उपयोग के लिए उपलब्ध करवाना शामिल है। हम MAHAGENCO को भी पावर